Seat No. : _______________

MA-I-104

April-2007

Hindi (Subsidiary)

Paper – I

(आधुनिक हिन्दी गद्य)

(New Course)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 100**

1. निम्नलिखित गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **(30)**

(क) "धनिया का मातृस्नेह उस अंधेरे में भी जैसे दीपक के समान उसकी चिन्ता-जर्जर आकृति को शोभा प्रदान करने लगा । दोनों ही के हृदय में जैसे अतीत-यौवन सचेत हो उठा । होरी को बीत - यौवना में भी वही कोमल-हृदय बालिका नजर आई, जिसने पच्चीस साल पहले उसके जीवन में प्रवेश किया था । उस आलिंगन में कितना वात्सल्य था, जो सारे कलंक, सारी बाधाओं और सारी मूलबद्ध परंपराओं को अपने अंदर समेट लेता था ।"

अथवा

"ब्राह्मण न किसी राज्य में रहता है और न किसीके अन्न से पलता है; स्वराज्य में विचरता है और अमृत हो कर जीता है । यह तुम्हारा मिथ्या गर्व है । ब्राह्मण सब कुछ सामर्थ्य रखने पर भी स्वेच्छा से इन माया-स्तूपों को ठुकरा देता है । प्रकृति के कल्याण के लिए अपने ज्ञान का दान देता है ।"

(ख) "सेठ, मेघा रहे या न रहे पर तुम अवश्य देखोगे कि संसार मेघा को भूल जायगा और तुलसी को याद करेगा । भक्ति तो कोई मेरे इस छोटे भाई से सीखे । यह पृथ्वीवासियों के हेतु स्वर्ग से आया हुआ राम का प्रसाद है ।"

अथवा

"तो फिर वह कौन है जो सतत इस जवाबदेही की सूली पर टंगी है ? सदियों से इसी तरह, इन्हीं अदालतों के बीच उघड़ी खड़ी है ? सभी प्रश्नों के जवाब उसे ही क्यों देने हैं ? और भी तो अभियुक्त रहे होंगे इन बहुपरती मुकदमों के ? कुछ और भी बयानात जरूरी होंगे इस घटते क्रम के ? एक उसीके सिर पर औंधा होकर आकाश क्यों खड़ा है ?"

(ग) "निंदकों की सी एकाग्रता, परस्पर आत्मीयता, निमग्नता भक्तों में दुर्लभ है । इसीलिए संतों ने निंदकों को 'आँगन कुटी छवाय' पास रखने की सलाह दी है ।"

अथवा

"कई बार सच बिल्ली की तरह दुबककर किसी अंधेरे कोने में छिपकर बैठा रहता है । ध्यान से देखें, सोचें, तभी पता चल सकता है कि सत्य क्या है ।"

2. “होरी भारतीय किसान का प्रतिनिधित्व करने वाला पात्र है ।” ‘गोदान’ उपन्यास के आधार पर प्रस्तुत कथन की समीक्षा कीजिए । **(15)**

अथवा

“ ‘सदियों से’ कहानी-संग्रह में नारी-चरित्र के विभिन्न रूपों की कुशलतापूर्वक अभिव्यक्ति हुई है”– चर्चा कीजिए ।

3. नाट्यकला की दृष्टि से समीक्षा करते हुए स्पष्ट कीजिए कि ‘कोर्ट मार्शल’ एक सफल नाट्य कृति है । **(15)**

अथवा

‘मानस का हंस’ उपन्यास के आधार पर तुलसीदास का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

4. संक्षेप में लिखिए : **(20)**

(1) ‘चंद्रगुप्त’ नाटक में सांस्कृतिक चेतना ।

अथवा

चाणक्य का चरित्र-चित्रण ।

(2) कैप्टन बिकाशराय ।

अथवा

‘कोर्टमार्शल’ में दलित-विमर्श ।

(3) ‘मानस का हंस’ उपन्यास में देशकाल-वातावरण ।

अथवा

‘गोदान’ में धनिया का चरित्र-चित्रण ।

(4) ‘वैष्णवन की फिसलन’ में व्यक्त-व्यंग्य ।

अथवा

‘अमूर्त कुछ’ कहानी का उद्देश्य ।

5. सूचनानुसार कीजिए : **(20)**

(अ) एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए :

(1) चाणक्य का मूल नाम क्या है ?

(2) प्रसादजी ने अक्षलेन्द्र नाम किसे दिया है ?

(3) ‘निंदक नियरे राखिए, आँगन कुटि छवाय’, किसका दोहा है ?

(4) हरिशंकर परसाई कैसे साहित्य-लेखक के रूप में प्रसिद्ध हैं ?

(5) ‘सदियों से’ कहानी-संग्रह में कुल कितनी कहानियाँ हैं ?

(6) रोहित कॉलेज में कौन से पद पर कार्यरत था ?

(7) सूरदास के जीवन पर आधारित अमृतलाल नागर के उपन्यास का शीर्षक बताइए ।

(8) कैप्टन बी.डी. कपूर का पूरा नाम क्या है ?

(9) सेना में बख्तरबन्द दस्तेवालों को क्या कहकर पुकारा जाता है ?

(10) तुलसीदास का जन्म कौन से नक्षत्र में हुआ था ?

(11) गोविन्दी किसकी पत्नी है ?

(12) प्रेमचन्दजी उर्दू में किस नाम से लिखते थे ?

(आ) निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(1) तुलसीदास के पुत्र का नाम क्या है ?

(क) तारकनाथ (ख) तारामित्र

(ग) तारापति

(2) 'कोर्टमार्शल' के सरकारी वकील कौन हैं ?

(क) मेजर अजयपुरी (ख) संजय सुरी

(ग) मेजर आनंद

(3) राय साहब अमरपालसिंह कौन से गाँव में रहते थे ?

(क) बेलारी (ख) सेमरी

(ग) रामपुर

(4) 'अमूर्त्त कुछ' कौन सी शैली में लिखी हुई कृति है ?

(क) संस्मरण (ख) आत्मकथनात्मक

(ग) डायरी

(5) ओंकारनाथ कौन से पत्र के संपादक थे ?

(क) हंस (ख) माधुरी

(ग) बिजली

(6) तुलसीदास के पिता का नाम क्या था ?

(क) पंडित ओंकारनाथ (ख) पुत्तन महाराज

(ग) आत्माराम दुबे

(7) कार्नेलिया का विवाह किसके साथ होता है ?

(क) कल्याणी (ख) सुवासिनी

(ग) मालविका

(8) महाराज धृतराष्ट्र ने किसके पुतले को कलेजे से लगाकर चूर-चूर कर दिया था ?

(क) भीम (ख) भीष्म

(ग) युधिष्ठिर